DATE:- 02/11/2025

DAINIK BHASKAR, PAGE-2, SURAT

भास्कर ग्राउंड रिपोर्ट

अलथान गाम स्टेशन के स्टील फैब्रिकेशन के साथ 4 सीढ़ियां और दो लिफ्ट वेल बनाए जा रहे

# एलिवेटेड रूट पर सबसे पहले तैयार होगा अलथान गाम मेट्रो स्टेशन, शेड व लिफ्ट-सीढ़ी का काम शुरू

- ड्रीम सिटी से कादरशा की नाल तक 11 किमी लंबा है मेट्रो का प्रायोरिटी कॉरिडोर

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

सूरत मेट्रो रेल के प्रायोरिटी कॉरिडोर यानी ड्रीम सिटी से कादरशा की नाल तक का काम तेज रफ्तार से चल रहा है। इस कॉरिडोर के मेट्रो स्टेशन अब आकार लेने लगे हैं। अलथान गाम मेट्रो स्टेशन का काम सबसे तेज गति से चल रहा है। सोहम सर्कल के पास बन रहे इस स्टेशन का ढांचा अब साफ दिखाई देने लगा है और शेड लगाने की दिशा में प्राथमिक कार्य शुरू हो चुका है। आने वाले महीनों में यह स्टेशन सूरत मेट्रो नेटवर्क का अहम जंक्शन बनेगा। स्टेशन की लंबाई 130 मीटर और चौड़ाई 20 मीटर है। इस पर एक एंट्री कम्युनिटी हॉल तथा दूसरी एंट्री नंद हॉल की ओर से होगी।

स्टेशन के स्टील फैब्रिकेशन कार्य चल रहा है। लिफ्ट वेल का निर्माण भी जारी है। ग्राउंड से फर्स्ट फ्लोर और फर्स्ट से सेकंड फ्लोर तक 4 सीढ़ियां और 2 लिफ्ट वेल तैयार हो रहे हैं। प्रायोरिटी कॉरिडोर पर 2027 में सबसे पहले मेट्रो ट्रेन दौड़ाने का लक्ष्य है।

## प्रायोरिटी कॉरिडोर पर ही वर्ष 2027 में सबसे पहले मेट्रो ट्रेन दौड़ाने का लक्ष्य है



### अलथान गाम मेट्रो स्टेशन की खासियतें

- स्टेशन की लंबाई 130 मीटर और चौड़ाई 20 मीटर है।
- पहली एंट्री कम्युनिटी हॉल की ओर होगी।
- दूसरी एंट्री नंद हॉल की ओर से होगी।
- दूसरी मंजिल पर मुख्य स्टेशन होगा।
- स्टेशन के स्टील फैब्रिकेशन कार्य चल रहा है।
- लिफ्ट वेल का निर्माण भी जारी है।
- ग्राउंड से फर्स्ट फ्लोर और फर्स्ट से सेकंड फ्लोर तक 4 सीढ़ियां और 2 लिफ्ट वेल तैयार हो रहे हैं।
- पहले फ्लोर पर टिकट काउंटर, वॉश एरिया, प्रशासनिक कार्यालय और पावर सप्लाई यूनिट होगी।

### मेट्रो प्रोजेक्ट के सिविल वर्क अंतिम चरण में

सूरत मेट्रो का यह प्रोजेक्ट शहर के ट्रैफिक बोझ को कम करने के साथ ही स्मार्ट सिटी के दर्जे को मजबूत करेगा। सिविल वर्क अंतिम चरण में हैं। पहली मेट्रो ट्रेन ड्रीम सिटी से कादरशा की नाल तक दौड़ेगी। इसी प्रायोरिटी कॉरिडोर पर अलथान गाम स्टेशन स्थित है। लाइन-1 में ड्रीम सिटी से कादरशा की नाल तक 11 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड सेक्शन में तेजी से काम चल रहा है।

### रोज 2 लाख यात्रियों के सफर करने का अनुमान

सूरत मेट्रो के शुरू होने से शहरवासियों को भारी ट्रैफिक से बड़ी राहत मिलेगी। ड्रीम सिटी से लेकर सारोली और सरथाना जैसे इलाकों तक तेज, सस्ता और प्रदूषण-मुक्त परिवहन उपलब्ध होगा। अनुमान है कि रोज करीब 2 लाख से अधिक यात्री मेट्रो से सफर करेंगे। इससे शहर के मुख्य मार्गों पर जाम कम होगा और यात्रा समय में 40% तक की बचत होगी। मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए एस्केलेटर, लिफ्ट, पार्किंग और टिकटिंग की स्मार्ट व्यवस्थाएं उपलब्ध होंगी।

### भास्कर नॉलेज

**मेट्रो के दो रूट पर एक साथ काम चल रहा है**

- लाइन-1 ड्रीम सिटी से सरथाना तक 21.61 किमी लंबी होगी।
- लाइन-1 में चौक बाजार से कापोद्रा तक 6 किमी अंडरग्राउंड रूट है।
- लाइन-2 भेंसाण से सारोली तक 18.74 किमी लंबी है।
- 38 स्टेशन होंगे, इनमें लाइन-1 पर 20 और लाइन-2 पर 18 होंगे।
- गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन प्रोजेक्ट का कार्यान्वयन कर रही है।
- 2027 तक सूरत मेट्रो का संचालन शुरू करने का लक्ष्य है।